विद्यालय में किए गए विशिष्ट कार्यों का प्रदर्शन

सत्र रात्रि	समय 8.30 से 9.30	
गतिविधियां	**अवधि**	**अपेक्षित परिणाम**
आगन्तुक संस्था प्रधानों द्वारा प्रस्तुतीकरण	40 मिनट	संस्था प्रधान अपने विद्यालयों में विशिष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित हो सकेंगे।
प्रतिभागियों एवं प्रस्तुतकर्ता के बीच संवाद	20 मिनट	

गतिविधि का आयोजन कैसे करें

विधि :बड़े समूह में एक साथ।

सुझाए गए चरण

- सुगमकर्ता लीडरशिप प्रशिक्षण प्राप्त संस्था प्रधान के साथ सत्र का संचालन करें।
- संस्था प्रधान लीडरशिप प्रशिक्षण के बाद स्वयं में होने वाले बदलाव और विद्यालय में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए किए गए विशिष्ट कार्यों को साझा करें। (मय फोटो/वीड़ियो आदि की सहायता से)
- संस्था प्रधान द्वारा विशिष्ट कार्यों को करने में आई बाधाओं का उल्लेख करते हुए उनका निराकरण कैसे किया ? यह भी साझा करें।

चिंतन मनन के प्रश्न

- अपने विद्यालय की आवश्यकता एवं सामर्थ्य के अनुसार इनमें से कौन–कौन से विशिष्ट कार्य करना चाहेंगे ?
- उपरोक्त प्रस्तुतियों में से ऐसी कौन सी गतिविधियां हैं, जिन्हें आप संशोधन पश्चात अपने विद्यालय में करना चाहेंगे ।

<u>सुगमकर्ता के लिए</u>

सुगमकर्ता पहले से प्रशिक्षण स्थल के नजदीकी विद्यालय के एक संस्था प्रधान को आमंत्रित करें जिसने लीडरशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है और प्रशिक्षण पश्चात् शाला में विशिष्ट कार्यों को अंजाम दिया है। संस्था प्रधान विशिष्ट कार्यों से संबंधित पीपीटी, अखबार कटिंग, फोटो, वीडियो आदि अपने साथ प्रशिक्षण स्थल पर लेकर आये।

प्रमुख संदेश

लीडरशिप प्रशिक्षण के उपरान्त संस्था प्रधान स्वयं में परिवर्तन महसूस करता है जिससे स्वप्रेरणा एवं उत्प्रेरणा के द्वारा विद्यालय विकास करने हेतु प्रतिबद्व हो।